an>

Title: Need to establish a cancer centre at Mohania Block in Kaimur District of Bihar.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) : अध्यक्ष महोदया, आपसे मेरा विनम्र आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में एक भी कैंसर सेंटर नहीं है, जिसके आभाव में कैंसर के मरीजों का इलाज तत्काल नहीं पाता है, इलाज के आभाव में मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

ज्ञातव्य हो कि मेरे क्षेत्र में अधिकतम अतिपिछड़ा, एवं गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले लोगों की बहुलता है। जिला रोहतास एवं केमूर के पहाड़ी तथा सुदूर क्षेत्र जहां अति पिछड़ा, आदवासी एवं गरीब वर्ग के लोग बाहर दवा कराने में आर्थिक असमर्थता के कारण इलाज के आभाव में दम तोड़ा देते हैं।

महोदया, बिहार झारखण्ड के बंटवारे के बाद यदि सबसे ज्यादा आदिवासियों की संख्या है, तो वह हमरे संसदीय क्षेत्र में है और सबसे ज्यादा कैंसर से पीड़ित आदिवासी हैं। सरकार का भी विशेष ध्यान है कि हर जगह कैंसर सेंटर खोले जाएं।

अतः आपसे विशेष आग्रह है कि कैंसर मरीजों के इलाज हेतु शीघ्र कैमूर जिले के पूरखण्ड-मोहनियां में कैंसर सेंटर स्थापित करने हेतु सदन के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्रालय को निर्देशित करने की कृपा की जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री रवीन्द्र कुमार जेना को श्री छेदी पासवान द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।